# प्रादेशिक समाचार एकांश

## आकाशवाणी भो□ाल

## **शाम के समाचार**

दिनांक 22.03.2025 समय: 7.10 PM

## **मुख्य समाचार** ...

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जल सभ्यताओं की जीवन रेखा, अगली पीढ़ियों के लिए इसे बचाने की महती जरूरत।
- प्रदेश में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से लोगों का औद्योगीकरण के प्रति रुझान बढ़ा, कहा मुख्यमंत्री ने।
- आईपीएल क्रिकेट आज से शुरू, कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से तापमान में उतार–चढ़ाव का दौर जारी ।

## **समाचार विस्तार से....**

### विश्व जल दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता दोहराई। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा–

प्रधानमंत्री मोदी ने. इस बात पर जोर दिया कि जल, सभ्यताओं की जीवन रेखा रहा है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करने की महति आवश्यकता है।

वहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने जल दिवस पर कहा कि राज्य सरकार इस वर्ष आगामी 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू करने जा रही है। जल संरक्षण में जन सहभागिता बढ़ाने और अधिकाधिक जल संरचनाओं के निर्माण की मूल मंशा से जुड़ा यह अभियान लगातार 90 दिनों तक संचालित होकर 30 जून तक चलेगा। इस दौरान जल बचाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### विश्व जल दिवस केंद्रीय मंत्री

विश्व जल दिवस पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कहा है कि जल संकट वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है लेकिन भारत ने इस चुनौती को अवसर में बदल दिया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जल संरक्षण को न केवल एक नीतिगत विषय बनाया है बल्कि एक जन–आंदोलन का रूप भी दिया है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन ने करोड़ों घरों में नल का जल उपलब्ध कराया है। अटल भूजल योजना ने गिरते जल स्तर के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाई है और अमृत सरोवर अभियान ने जल स्रोतों को नया जीवन दिया है।

### अर्थ ऑवर

भारत आज दुनिया के सबसे बड़े पर्यावरण आंदोलन, अर्थ ऑवर में शामिल होगा। अर्थ ऑवर का आयोजन प्रत्येक वर्ष मार्च महीने के आखिरी शनिवार को रात साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक होता है। इस घंटे के दौरान, दुनिया भर के लोग सभी अनावश्यक लाइट बंद कर देते हैं। भारत में, प्रतिष्ठित स्थल, स्मारक, सार्वजनिक और निजी संस्थान, व्यवसाय और समुदाय इस आयोजन में एक साथ भाग लेते हैं। इस वर्ष के अर्थ ऑवर का विषय– जल के प्रति जागरूक बनें, जल संरक्षण और स्थायी प्रथाओं की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। अर्थ ऑवर पहली बार वर्ष 2007 में ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में शुरू किया गया था।

मुख्यमंत्री दिल्ली दौरा

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में संभाग स्तर पर आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से लोगों का औद्योगीकरण के प्रति तेजी से रुझान बढ़ा है। अपने दिल्ली प्रवास पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीआईएस के माध्यम से 30 लाख करोड़ रूपये से अधिक के एमओयू हुए हैं। अब निवेश प्रस्तावों के आधार पर कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए हम संभाग स्तर पर भूमिपूजन के कार्य प्रारंभ कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात भी की।

**आईएमएफ–भारत विकास**

भारत का सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी पिछले 10 वर्षों में एक सौ पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ दोगुना हो गया है। वर्ष 2015 में भारत का जीडीपी दो लाख दस हजार करोड़ डॉलर था, जो वर्ष 2025 में बढ़कर चार लाख तीस हजार करोड़ डॉलर हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष–आईएमएफ द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत अब अमरीका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद दुनिया में जीडीपी के मामले में पांचवां सबसे बड़ा देश बन गया है। कहा गया है कि भारत जल्द ही जापान से आगे निकल जाएगा।

**प्राकट्य पर्व**

पन्ना में संस्कृति विभाग द्वारा इस वर्ष श्रीराम नवमी पर एक दिवसीय प्राकट्य पर्व का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने 6 अप्रैल को रामनवमी पर्व पर पन्ना नगर के श्रीजुगल किशोर मंदिर प्रांगण में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जरूरी व्यवस्थाओं के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को प्राकट्य पर्व का नोडल अधिकारी बनाया है। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ–सफाई व पेयजल व्यवस्था एवं प्रचार–प्रसार इत्यादि का दायित्व भी सौंपा है।

**बिजली कर्मी भत्ता**

मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी (एम.पी. ट्रांसको) में एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइनों एवं सब–स्टेशनों का हॉटलाइन पद्धति से बिना शट–डाउन लिए मेंटेनेन्स जॉब/ऑपरेशन करने वाले कर्मियों के भत्ते में दोगुनी बढ़ोतरी की गई है। साथ ही प्रति ऑपरेशन के लिए दिए जाने वाले भत्ते में भी दोगुनी वृद्धि कर दी गई है। पहले यह भत्ता 6 रुपये से 40 रुपये के मध्य मिलता था, अब यह 12 रूपए से 80 रुपए तक प्रति जॉब/ऑपरेशन के हिसाब से मिलेगा। हॉटलाइन पद्धति के माध्यम से बिना शट–डाउन लिये एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइनों का मेंटेनेन्स जॉब करने के लिये कार्मिक की सहमति आवश्यक होती है। भत्ता बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया गया है।

**आईपीएल**

आईपीएल क्रिकेट का 18वां संस्करण आज से शुरू हो रहा है। कोलकाता में आज शाम साढे सात बजे से पहले मैच में वर्तमान चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। उदघाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी, प्रसिद्ध गायिका श्रेया घोषाल और पंजाबी गायक करण औजला प्रस्तुति दी। टूर्नामेंट में 10 टीम 74 मैच खेलेंगी। प्रतियोगिता का फाइनल 25 मई को होगा।

**मौसम**

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से तापमान में उतार–चढ़ाव का दौर जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान जबलपुर, सागर संभागों के कुछ जिलों में कहीं–कहीं और रीवा संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर और शहडोल जिलों के अधिकांश स्थानों पर बारिश हुई। इससे कुछ स्थानों पर तापमान में गिरावट आई। वहीं रीवा संभाग के जिलों में तापमान दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़े। प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान खरगोन जिले में 37 दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 13

दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस  शाजापुर के गिरवर में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले चौबीस घंटो के दौरान दमोह, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, कटनी, डिंडोरी, सिवनी में कहीं–कहीं बारिश के साथ ओले गिरे। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मउगंज, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में अगले चौबीस घंटे के दौरान गरज–चमक के साथ बारिश होने के आसार बन रहे हैं। वहीं, जिलों में कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ बिजली गिरने की भी आशंका हैं।

## समाचार संक्षेप में.....

- प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय **धार** में आज दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला  समापन हुआ।
- शिवपुरी जिले में केन्द्र सरकार के "पोषण भी–पढाई भी" कार्यक्रम के तहत प्रदेश की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत **देवास** जिले की कुल 98 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किया गया है।
- नर्मदापुरम जिले की पिपरिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी हारेगा, भारत जीतेगा अभियान के तहत रेलवे हेल्थ यूनिट ने जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।
- कम्प्यूटर संसाधनों तथा इंटरनेट सुविधाओं तक जनसामान्य की पहुंच को सुगम बनाने के लिए आगरमालवा स्थित शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय में 01 अप्रैल से प्रशिक्षण शुरू होगा।
- इंदौर जिले में जल गंगा जल संरक्षण अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार कराया जायेगा।
- अशोकनगर में जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता मे विभिन्न विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 28  छात्र–छात्राओं का कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा आज सम्मान किया गया।

-------------------